Title : Regarding resumption of train services stopped during Covid period in Nalanda district

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदया, शून्य प्रहर में माननीय रेल मंत्री जी से मैं आग्रह करना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र में हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर राजगीर से हावड़ा के लिए चलती थी, जिसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया था। इस ट्रेन से यात्री और सैलानी, जिनमें बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म और जैन धर्म के अनुयायी थे, वे तीर्थयात्रा के लिए नालंदा आना-जाना करते थे। मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा के आस-पास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उस ट्रेन से देवघर भी जाते थे। बाबा भोले को जल चढ़ाने का श्रावण मेला आज से ही शुरू हुआ है।

महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि ट्रेन संख्या 53043, जो कोलकाता से राजगीर के लिए चलती थी, उसे शुरू किया जाए।

श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव कोविड के समय में सिलाव स्टेशन और पावापुरी स्टेशन पर बंद कर दिया गया था। उसको भी चालू किया जाए, जिससे वहां के स्थानीय लोगों के आवागमन में सुविधा हो सके।

उसी तरह से, कोरोना काल से पहले मेमू ट्रेन, दानापुर से तिलैया के बीच सभी हॉल्ट्स पर रुकती थी, पर अभी उसे बंद कर दिया गया है। माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इसको भी चालू किया जाए।

कोरोना के समय में बंद हुई जितनी भी ट्रेनें हैं, अगर उन्हें चालू कर दिया जाए तो निश्चित रूप से हमारे संसदीय क्षेत्र के लोगों को काफी खुशी होगी। हम लोग चुनावों में यह वादा करके आए हैं। माननीय नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में वहां जो काम हो रहा है और देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यहां जो काम हो रहा है, इन सबके बीच हम लोग अच्छे कामों को करके आए हैं। इसलिए माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वे इस कार्य को करें।